an>

Title: Need to start a passenger train between Sawai Madhopur and Jaipur in Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी कहना चाहता हूं कि जिला सवाई माधोपुर से जयपुर तक हजारों ग्रामीण लोगों को शिक्षा, रोजगार एवं सरकारी कार्यों के लिए राजधानी जयपुर जाना पड़ता है। इस सैक्शन पर लगभग 100-150 पंचायतें हैं जो रेलवे स्टेशन के समीप हैं एवं इससे जुड़ी हुई हैं। इस सैक्शन पर चौथ माता का मन्दिर भी है, जो पूरे भारत वर्ष में एक मात्र मन्दिर है, इसकी मन्दिर की एक अलग ही प्रसिद्धि है। इसलिए यह बहुत जरूरी है।

अध्यक्ष महोदया, अभी कल-परसों माननीय रेल राज्य मंत्री ने कहा कि बजट की कमी है। टोंक को रेल से जोड़ने के लिए मैंने पिछली बार आग्रह किया था, उनसे अनुरोध किया था कि टोंक को रेल से जोड़ने के लिए बजट का प्रावधान करना पड़ेगा। मैं माननीय रेल मंत्री से पुनः निवेदन करता हूँ कि वहाँ पर एक पैसेंजर रेलगाड़ी चलाने की कृपा करें, जो सवाई माधोपुर से जयपुर सैक्शन पर कार्यालय के समयानुसार सुबह 9 बजे जयपुर पहुंचे और शाम को छः बजे जयपुर से सवाई माधोपुर पहुंचे।

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.पी. चौधरी को श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।